तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

9 34 लाख से वार्ड नंबर 15 में होंगे विकास कार्य : मदान


10 40 रुपये में मिलता है 1 रुपये का फार्म


## खबर संक्षेप

### मुरथल आश्रम में गुरु पूजा महोत्सव 8 से

**सोनीपत।** श्री राम कृष्ण साधना केंद्र (रजि) मुरथल, सोनीपत में तीन दिवसीय गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के राकेश शर्मा व संजय सिंगला ने बताया कि महोत्सव 8, 9 तथा 10 जुलाई (मंगल, बुध तथा वीरवार) को बड़े हर्षोलास से मनाया जाएगा। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

### दंपति ने चाचा व अन्य पर लगाया मारपीट का आरोप




**खरखौदा।** झरोठी गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने चाचा व चचेरे भाइयों पर उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मोंटी का कहना है कि वह अपनी पत्नी के साथ घर पर था कि उसके चाचा ने गेट पर आकर दीवार को तोड़ने की धमकी दी। उसने कहा कि अगर दीवार उनकी जगह में से बनी हुई है तो वह उसे हटा लेगा। लेकिन चाचा ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी और इसी दौरान उसके चचेरे भाई भी मौके पर आ गए। वह कुछ कर पाते इससे पहले ही तीनों ने मिलकर उसे व उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। झगड़े के दौरान उसकी सोने की चेन व उसकी पत्नी के कान की बाली गिर गई।


### नई अनाज मंडी में 13 को कृत्रिम अंग माप शिविर

**गन्नौर।** स्वर्गीय लाला श्रीपाल जैन की दसवीं पुण्य स्मृति में 13 जुलाई रविवार को नई अनाज मंडी में दिव्यांग के लिए कृत्रिम अंग माप शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी अमित जैन उर्फ मुन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि कृत्रिम अंग माप शिविर में माप करवाने के बाद ये उपमकरण निशुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें भाविप का सहयोग रहेगा। शाखाध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि प्रोजेक्ट सेवा समिति में कृष्ण जिंदल, शमशेर, रवि गर्ग आदि का रहेगा। अमित जैन उर्फ मुन्ना ने दिव्यांग से अपील कि है कि वे शिविर में पहुंचकर कृत्रिम अंग का माप दे ताकि पहनने में कोई दिक्कत न हो।

### खेत से ट्यूबवेल की तार और डीजल कैन चोरी

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव के खेत से कई किसानों के ट्यूबवेल की तार काट कर चोरी कर ली गई। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। खेड़ी गु'जर गांव निवासी धर्मबीर ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके खेत की ट्यूबवेल की तार काट ली और 35 लीटर डीजल की कैन भी चुरा ले गए। धर्मबीर ने बताया कि उनके अलावा रोहतास, विश्वास, रामबीर, सुभाष, फुलकुंवर, सुन्दर और हनीफ की ट्यूबवेल की तार भी काटी गई है और ताले तोड़ दिए गए हैं। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 408 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार, केस



**गन्नौर।** थाना बड़ी पुलिस की टीम ने 408 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ मोंटी निवासी गांव पांची का रहने वाला है। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि हवलदार धीरज ने पुलिस टीम के साथ गुप्त सूचना पर आरोपित साहिल उर्फ मोंटी को भोगीपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित के थैले से 408 ग्राम ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपित से पूछताछ चल रही है।

---

सीएम फ्लाइंग की जाखौली में छापेमारी, फर्जी अस्पताल व फर्जी चिकित्सक का पर्दाफाश

## बिहार निवासी दसवीं पास युवक चला रहा था अस्पताल छापेमारी के दौरान एक्सपायरी डेट की दवाइयां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जाखौली गांव में चल रहे अस्पताल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जांच में फर्जी चिकित्सक व फर्जी अस्पताल होने का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान टीम ने अस्पताल से एक्सपायरी डेट की दवा तक बरामद की है। अस्पताल में कार्यरत कथित चिकित्सक महज दसवीं पास मिला है। विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। टीम ने जानकारी दी है कि बिहार से 10वीं पास करने वाले एक युवक ने बिना किसी मेडिकल डिग्री के सोनीपत के गांव जखौली में फर्जी अस्पताल खोल दिया। पिछले दो सालों से अस्पताल चल रहा है। जिसमें कई लोगों का इलाज किया जा रहा था। सीएम फ्लाइंग टीम को जब इस फर्जी अस्पताल की सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड की। जांच में पाया गया कि सब कुछ फर्जी था और युवक के पास डॉक्टरी की कोई डिग्री नहीं मिली है। अस्पताल संचालक कथित चिकित्सक आशीष निवासी बिहार हाल में किराए पर गांव जाखौली में रहता है। टीम के अधिकारी व कर्मचारी पूछताछ कर रहे है। टीम को मौके से एक्सपायरी दवा मिली है। जिसको लेकर टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है कि वह कहां से दवाइयां लाता था और अब तक कितने लोगों का रजिस्ट्रेशन इस अस्पताल में करके क्या इलाज करते थे। इसके अलावा, यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस अस्पताल में अन्य डॉक्टर भी काम कर रहे थे और क्या वे सही थे या नहीं। मामले को लेकर राई थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। छापेमारी के दौरान इंस्पेक्टर बिजेंद्र, राजेश कुमार सीएम फ्लाइंग सोनीपत, डा. अन्नु अत्री चिकित्सक पीएचसी जाखौली, डा. सन्नी, डा. रोहित, डा. संदीप हुड्डा सहित अन्य मौजूद रहे।



सोनीपत। फर्जी अस्पताल में जांच करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी।




सोनीपत। अस्पताल के बाहर का दृश्य।

### सीएम फ्लाइंग के अधिकारी भी हैरान

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी ने बताया कि वह हैरान हैं कि बिना डॉक्टरी डिग्री के यह युवक कैसे फर्जी अस्पताल चला रहा था और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा था। इस मामले में आगे भी जांच जारी रहेगी और मामले में संलिप्तता पाए जाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है। -**सुशील कुमार**, डीएसपी सीएम फ्लाइंग टीम

---

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 तेज रफ्तार का कहर

## कंटेनर ने कैंटर को मारी टक्कर, एक की मौत

■ हादसे में चार घायल, पुलिस ने मृतक का शव परिजनों को सौंपा

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कंटेनर ने नीलकंठ ढाबे के सामने पीछे से कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। वहीं हादसे में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित कंटेनर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बरोबरा उत्तर प्रदेश निवासी रामबीर ने बताया कि वह अपने साथी दिल्ली से कैटरिंग का सामान भरकर कैंटर में सवार होकर करनाल जा रहा था। कैंटर का चालक दिल्ली के बादली का नरेश कुमार था। रात करीब 12 वह नीलकंठ ढाबा के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार एक कंटेनर सीधी उनके कैंटर में टक्कर मार दी। कैंटर में सवार उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के राजू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामबीर सहित दिनेश, नारायण दास और शिवचरण घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से की मदद से जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजू को मृत घोषित कर दिया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। रामबीर ने बताया कि कंटेनर चालक ने अपना नाम शाहिबजान बताया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई बृजपाल ने बताया कि चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

---

नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मारामारी

## सर्वर डाउन होने के चलते मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी, घंटों खड़े रहने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


■ करीब 20 दिन से सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है

■ जिसके चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर अन्य ऑनलाइन प्रक्रिया बंद हो जाती है

नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को प्रबंधन की लचर व्यवस्था का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से दी जाने वाले सुविधा समय पर न मिलने के चलते मरीजों को घंटों लाइनों में लगने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए स्थापित की ऑनलाइन प्रक्रिया उनकी समस्या को बढ़ रही है। करीब 20 दिनों से सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है। जिसके चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर अन्य ऑनलाइन प्रक्रिया बंद हो जाती है। मरीजों को कई-कई दिनों से अस्पताल में लंबी लाइनों में लगने के बाद भी सही स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है। तीन बार बंद होने पर सर्वर को चंडीगढ़ से चलवाना पड़ता है। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक सर्वर नहीं चल पाया। बता दें कि नागरिक अस्पताल में दो सौ बेड की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में मरीजों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन प्रणाली स्थापित की गई थी। अस्पताल में उपचार करवाने वाले मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से नंबर मिलने के बाद उसी आईडी पर ही आगामी उपचार की रूपरेखा तैयार होती है। चिकित्सक से मिले परामर्श के बाद उसे लैब में सैंपल देने व उनकी रिपोर्ट लेने के लिए उसी आईडी नंबर का इस्तेमाल होता है। जो मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से मिला था। करीब 15 दिनों से बार-बार सर्वर डाउन होने की समस्या कर्मचारियों के साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सर्वर बंद हो गया। देर शाम तक सर्वर चालू नहीं हो सका। जानकारी मिली है कि सर्वर रूम में इस्तेमाल होने वाली बैटरी का बैकअप कम है। बिजली कट लगने के बाद दोबारा से सर्वर शुरू होने में समय लगता है। लगातार तीन बार सर्वर डाउन होने पर ई-उपचार चंडीगढ़ से बंद हो जाता है। उसके बाद शुरू करने पर घंटों का समय लग जाता है। जिसका खामियाजा रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब रिपोर्ट रूम, एक्सरे विभाग, लैब सैंपल रूम में मरीजों को लंबी लाइनों में लगकर चुकाना पड़ रहा है। सर्वर रूम में करीब 80 बैटरी सर्वर को चलाने के लिए रखी हुई है। जिन्हें करीब चार साल पहले रखा गया था। उसका बैकअप कम होने के चलते बार-बार सर्वर बंद हो रहा है। अस्पताल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य ऑनलाइन प्रणाली के जरिए चलता है। नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों को ऑनलाइन आईडी का रजिस्ट्रेशन होता है। सर्वर डाउन होने के चलते ऑनलाइन प्रणाली ठप हो जाती है। सोमवार का काउंटर पर बैठे कर्मचारियों ने मरीजों की सुविधा के लिए हाथ से पर्ची बनाकर दी। कर्मचारियों ने सुबह आठ बजे से लेकर साढ़े दस बजे तक पांच सौ से ज्यादा पर्चियां हाथ से बनाकर मरीजों को दी। उसके बाद सर्वर चलने पर 1500 से ज्यादा मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो सका।




सोनीपत। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लगी भीड़।



सोनीपत। हाथ से पर्ची बनाते अस्पताल के कर्मचारी।

### बैट्री खरीद प्रक्रिया अमल में लाई जा चुकी

बैट्री खरीद प्रक्रिया अमल में लाई जा चुकी है। कमेटी की तरफ से फाइनल कर दिया गया है। अस्पताल की लगभग प्रक्रिया ऑनलाइन है। जल्द से जल्द बैटरी बदलवाकर व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जायेगा। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है। -**डा. संदीप लठवाल**, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल

---

## लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार अदालत ने रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** मोहाना थाना सोनीपत पुलिस ने पिस्तौल के बल पर गाड़ी, रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सौरभ निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व नसीब निवासी जागसी का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया।

अदालत ने आरोपितो को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। खानपुर खुर्द बरोदा हाल में देवड़ु रोड गली नंबर-1 निवासी राकेश ने बताया कि वह गत 19 जून को अपने दैनिक कार्यो से फ्री होकर अपने जीजा यशपाल उर्फ पप्पू के साथ कोर्ट में मिला था। उसके बाद अपनी गाड़ी होंडा सिटी में सवार होकर बड़वासनी गांव से शराब ठेका से एक हाफ व दो क्वार्टर लेकर शराब पीने लगे। रात होने पर यशपाल को उल्टी आ गई। वह उसे छोड़ने के लिए गांव चला गया। गांव करवेड़ी मोड़ पर पहुंचने के बाद यशपाल को वहीं उतार दिया। वहीं खुद गाड़ी लेकर चला गया। राकेश ने बताया कि वह अपनी गाड़ी को करेवड़ी मोड़ पर खड़ी करके शौच करने लगा। शौच करके वापस गाड़ी में बैठने लगा। उसी दौरान उसके पास एक गाड़ी आकर रूकी। चालक साइड की खिड़की खोलकर उसके सिर पर पिस्तौल तान दी। वह घबरा गया। हथियारबंद युवकों ने कहा कि वह सीआईए से है। उसके बाद उसे गाड़ी से नीचे उतार दिया। उसे एक युवक ने पांच-छह थप्पड़ मारे। उसके बाद उसकी होण्डा सिटी कार लेकर फरार हो गए। गाड़ी के अंदर दो लाख साठ हजार रुपये की राशि व सीट कवर में 26000 हजार रुपये की राशि सहित गाड़ी में तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे।

### नाबालिग को अगवा करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा करने की वारदात में शामिल चार आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिट्टू, प्रदीप, सागर उर्फ सावन, कपिल निवासी जगदीशपुर के है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 22 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। वह अपने साथ अपने सभी कागजात भी ले गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। महिला उप निरीक्षक रानी ने बताया कि उनकी टीम ने नाबालिग लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाकर बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित बिट्टू सहित तीन अन्य आरोपितो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

---

जाम में फंसे वाहन, एसीपी ने ग्रामीणों को आश्वासन देकर खुलवाया रास्ता

## पेयजल किल्लत से परेशान खानपुर कलां के ग्रामीणों ने किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सोमवार को गांव खानपुर कलां के ग्रामीणों ने पेयजल संकट से परेशान होकर गांव में गोहाना-गन्नौर रोड पर जाम लगा दिया। उप तहसील कार्यालय के निकट ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करके और कांटेदार झाड़ियां डालकर जाम लगाया। जाम में काफी वाहन चालक फंस गए और विश्वविद्यालय व मेडिकल कालेज के अस्पताल जाने वाले लोग भी परेशान हुए। एसीपी ऋषिकांत ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। लगभग डेढ़ घंटे तक जाम रहा। गांव खानपुर कलां में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय है। इसमें पेयजल की आपूर्ति के लिए विधि विभाग के परिसर में अलग से जलघर बनाया गया है। वहां से विश्वविद्यालय के गोहाना-गन्नौर रोड के दूसरी तरफ के हिस्से में पेयजल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। यह पाइप लाइन विश्वविद्यालय के बाहर से है जिसके साथ रहने वाले कई ग्रामीणों ने अवैध कनेक्शन कर रखे थे। इससे विश्वविद्यालय में पेयजल संकट गहरा जाता था।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी लाइन से 15 दिन पहले ग्रामीणों के अवैध कनेक्शन कटवा दिए। ग्रामीणों ने अधिकारियों व नेताओं से गुहार लगाई लेकिन कनेक्शन नहीं जोड़े गए। सोमवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे गोहाना-गन्नौर रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर और झाड़ियां डालकर जाम लगा दिए। उस समय भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कालेज व अस्पताल, महिला विश्वविद्यालय में ड्यूटी जाने का समय भी होता है। इससे अधिकारी, कर्मचारी व दूसरे गांवों के लोग जाम में फंस गए। एसीपी ऋषिकांत व सदर थाना से पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ने कहा कि अधिकारियों से बातचीत करके समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने इसके बाद 10 बजे जाम खोला। उधर विश्वविद्यालय के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों ने अवैध कनेक्शन कर रखे थे, जिनको कटवाया गया है।



गोहाना। ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी।

### खाली बर्तन लेकर सड़क पर उतरे लोग

सड़क जाम करने के दौरान ग्रामीण अपने हाथों में पानी के खाली बर्तन लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि जब पेयजल की सप्लाई ही नहीं होगी तो बर्तन तो खाली रहेंगे ही। हाथों में पानी के खाली बर्तन लेना प्रशासन को पेयजल की किल्लत की तरफ ध्यान दिलाना है।

---

## अवैध खनन करने वालों पर विभाग का शिकंजा, दो वाहन किए सीज

■ खनन विभाग की टीम ने पिपली गांव में छापेमारी कर पकड़ा

■ पुलिस ने जेसीबी और ट्रक को सीज किया

**सोनीपत।** जिला प्रशासन जिला में अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा गांव पिपली तहसील खरखोदा से अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक ट्रक को पकड़ा। जेसीबी मशीन व ट्रक को काबू कर पुलिस द्वारा थाना खरखौदा में सीज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में जहां-जहां अवैध खनन की अधिक संभावना है। वहां पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। जगह- जगह पर नाकेबंदी कर तलाशी ली जा रही है। अवैध खनन सहन नहीं करेंगे।




### ठेके के सेल्समैन एक लाख से अधिक की नकदी लेकर रफूचक्कर

**खरखौदा।** हलालपुर गांव स्थित शराब के ठेके पर काम कर रहे दो सेल्समैन रात को ठेके की बिक्री की पूरी नकदी लेकर फरार हो गए। ठेका संचालक अनिल कुमार ने बताया कि उसने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के रामनगर गांव के सौरव यादव और कुलदीप यादव को सेल्समैन रखा हुआ था। शुक्रवार को दोनों ने शराब बिक्री से 1 लाख 7300 रुपये की नकदी इकट्ठी की और रात को ठेके पर ताला लगाकर फरार हो गए। जब संचालक शनिवार सुबह ठेके पर पहुंचा तो वह बंद मिला। दोनों कर्मचारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके मोबाइल बंद पाए गए। इसके बाद जब जांच की गई तो शराब बिक्री की राशि गायब पाई गई। शिकायत के आधार पर सैदपुर चौकी पुलिस ने दोनों फरार सेल्समैन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सहेली






# लव स्कैम इस धोखेबाजी से बचें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल

अनीता जैन



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

सलाह

नम्रता नदीम

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।


**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

स्किन केयर

चेतना झा

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन



मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।

**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

ओरल हेल्थ

संध्या रानी

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर



अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### दादा भैया के भंडारे में की सुख-समृद्धि की कामना

**सोनीपत।** गांव राठधना में दादा भैया पर भव्य भंडारे और सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस धार्मिक कार्यक्रम में सोनीपत के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधना ने भी पहुंचकर दादा भैया के चरणों में नमन किया और पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### ट्रस्ट पदाधिकारियों ने किया डीसी का स्वागत

**सोनीपत।** महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट श्याम नगर की कार्यकारिणी के शिष्टमंडल ने सोमवार को उपायुक्त सुशील सारवान का उनके कार्यालय में स्वागत किया। शिष्टमंडल की अगुवाई ट्रस्ट के चेयरमैन नरेंद्र लाहौर ने की। इस शिष्टमंडल में अशोक बिरला, कृष्ण कुमार, रामेश्वर राणा, ओमप्रकाश सौदा, डॉ. सत्यवीर निर्माण, कृष्ण सौदा, बलवान, सूरजभान आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश

**सोनीपत।** डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अब तक डेंगू के पांच मरीज सामने आ चुके हैं, जबकि चिकनगुनिया का एक और मलेरिया के दो मामले भी सामने आए हैं। इसके मद्देनजर विभाग ने फागिंग और जागरूकता अभियान तेज कर दिए हैं। बता दें कि विभाग की 166 टीमें घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दे रही है।

### आईसीएआई जिला शाखा ने किया रक्तदान शिविर

**सोनीपत।** आईसीएआई की एनआईआरसी की सोनीपत शाखा ने सशस्त्र बल ट्रांसफ्यूजन सेंटर के सहयोग से वीरों के लिए रक्त, सशस्त्र बलों का समर्थन करें विषय पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। आईसीएआई सोनीपत शाखा की अध्यक्ष सीए विजय लठवाल ने इस अवसर पर कहा, यह रक्तदान शिविर हमारे सशस्त्र बलों के प्रति समर्पित है।

### शाश्वत ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल के पूर्व छात्र शाश्वत दलाल ने यूरोपीय विवि बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर भारत देश व अपने विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। यह प्रतियोगिता स्पेन के मैड्रिड शहर में आयोजित की गई थी। जिसमे शाश्वत ने न केवल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा बल्कि टीम इवेंट में भी कांस्य जीतकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### रेलवे अंडर ब्रिज में जलभराव का विरोध

**सोनीपत।** बड़वासनी से म्हारा रोड पर किलोहड़ के पास बने रेलवे अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या को लेकर रविवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया और म्हारा गांव के सरपंच पवन ने अनोखा विरोध जताया। दोनों जनप्रतिनिधि अंडर ब्रिज के भीतर भरे गंदे पानी में बैठ गए। संजय ने बताया कि थोड़ी सी बारिश होते ही अंडर ब्रिज के नीचे कई फुट तक पानी भर जाता है, जो कई दिन तक निकलता नहीं है।

### डा. विजयपाल बने सर्वसम्मति से प्रधान

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन को सर्वसम्मति से फार्मेसी कॉलेजेस फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रधान बनाया गया है। इसके साथ ही वे हरियाणा इकाई के प्रधान पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभालेंगे। फार्मेसी कॉलेजों की एक ऑनलाइन मीटिंग में सर्वसम्मति से डा. विजयपाल को दोहरी जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया।

### प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह खत्री हुए सेवानिवृत्त

**सोनीपत।** छोटूराम आर्य कालेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह सेवानिवृत्त हो गए। डॉ. नरेंद्र अप्रैल 2008 से जून 2025 तक प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे हैं जो 17 वर्ष से अधिक समयावधि पूरी कर सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यकाल किसी भी कॉलेज के प्राचार्य पद पर बने रहने के इतिहास में सबसे लम्बा कार्यकाल रहा है।

# जीटी रोड-एनएच 44 पर लगे सीमेंट के बैरिकेड हटवाए एनएचएआई : डीसी

## अधिकारी आमजन की उम्मीदों पर उतरे खरा, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने पर दे विशेष ध्यान, अन्यथा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन नीति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए की वो सडक दुर्घटना को रोकने पर विशेष ध्यान दे व सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान नगर निगम महापौर राजीव जैन व जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका दहिया भी साथ रहें।

उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वो जीटी रोड पर लगाए गए सभी सीमेंट के अवरोधकों को तुरूंत हटवाए व अन्य जरूरी व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि सीमेंट के अवरोधक जो सर्विस रोड व मुख्य जीटी रोड के बीच लगाए गए है। उनकों जल्दी से हटवाया जाए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किए की वो सभी जरूरी ब्लाइंड स्पॉट पर कैट आई व साइन बोर्ड लगवाए जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सकें। उन्होंने एनएचआईए के अधिकारियों को निर्देशित किया की वो एनएच 44 के साथ बने ड्रेन की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें व समय-समय ड्रेन साफ करवाते रहें। जिससे रोड के साथ जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हों। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गोहाना रोड पर बड़वासनी के पास ब्लाइंड कट पर संबंधित विभाग के द्वारा कैट आई व साइन बोर्ड लगवा दिए गए है। ऐसे ही बड़वासनी से बवाना रोड पर भी कैट आई व साइन बोर्ड संबंधित विभाग के द्वारा लगा दिए गए है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी से रामनगर रोड की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। खेड़ी गुज्जर से रसूलपुर रोड की मरम्मत का कार्य भी पूरा हो गया है। सेक्टर 14-15 के पास अग्रसेन चैक के डिवाइडर की मरम्मत का कार्य भी पूरा हो गया है।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि

### मई माह में 8 हजार से अधिक वाहनों के चालान

बैठक में बताया गया कि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा मई माह में 8719 वाहनों के चालान किए गए व 219 चालान आरटीए के द्वारा किए गए। जिसमें हाई स्पीड वाहन के 5334, बिना हेलमेट के 1495, बिना सीट बेल्ट के 496, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने के 14, शराब पीकर वाहन चलाने के 261, नबलिग द्वारा वाहन चलाने के 14, गलत साइड वाहन चलाने के 1105 चालान शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी ट्रेफिक के एसएचओ को निर्देश दिए वो यातायात के नियमों का उल्लगंन करने वालो के खिलाफ ऐसे ही कार्य करते हुए चालान करें। सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत उपायुक्त ने सभी एसडीएम और आरटीओ अधिकारियों को निर्देश दिए की वो अधिक से अधिक स्कूल बसों की जांच करें व नियमों के उल्लगंन पाए जाने पर चालान करें। उन्होंने बताया कि मई माह में 27 बसों को चैक किया गया जिसमें से बसों में कमी पाए जाने पर 2 बसों के चालान भी किए गए।

### ये रहे मौजूद

मौके पर एडीसी लक्षित सरीन, एसडीएम अंजली श्रोत्रिय, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम प्रवेश कादियान, सीटीएम डॉ. अनमोल, एसीपी राजपाल सिंह, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, एचएचएआई व अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विधायक-मेयर ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# 34 लाख की लागत से वार्ड नंबर 15 में होंगे विकास कार्य

### सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार कर रही काम: निखिल मदान

जल्द ही नौ करोड़ की लागत से विधायक निधि, डी प्लान और वेंगी स्कीम से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन सोमवार को वार्ड नं 15 में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया। स्थानीय पार्षद अतुल जैन और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया और उनके वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है उसी दिन से सोनीपत विधानसभा में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। अब नगर निगम चुनावों के पश्चात सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। जल्द ही 9 करोड़ की लागत से विधायक निधि, डी प्लान और वेंगी स्कीम से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत होगी जिसमें शहर के सौंदर्यीकरण करने, गलियों को पक्का करने और सीवरेज और पेयजल आपूर्ति की लाइन बिछाने संबंधी कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने कहा कि उनके मेयर बनने के बाद से नगर निगम सोनीपत क्षेत्र में विकास कार्यों को ट्रिपल इंजन की तर्ज पर तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाया जा रहा है। आज मिशन रोड को मास्टिक पद्धति से पक्का किया जाने का काम शुरू हुआ है। इस काम के पूरा होने से क्षेत्रवासियों का आवागमन सुगम होगा। आने वाले समय में नगर निगम सोनीपत में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को धरातल पर शुरू किया जाएगा, जिससे शहर की सूरत बदली हुई नजर आएगी।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक व मेयर। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

निगम पार्षद अतुल जैन, नरेश वर्मा, चरण सिंह जोगी, जगदीश जैन, सुरेश चंद जैन, जय कुमार जैन, संदीप गोयल, नीरज जैन, पंकज जैन, विभोर शर्मा, संजय गर्ग, रामनिवास जैन, पवन तनेजा, शुभम गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# गुहणा में किया योग और पौधरोपण

- कार्यक्रम का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा गांव गुहणा में एक विशेष पौधारोपण एवं योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे योग अभ्यास से हुई, जिसमें प्रशिक्षित योग गुरुओं के मार्गदर्शन में उपस्थित नागरिकों, छात्रों और संघ के सदस्यों ने भाग लिया। योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य और जीवन में संतुलन के महत्व को समझाया गया। योग सत्र के पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नीम, पीपल, अमरूद, गुलमोहर आदि के 100 से अधिक पौधे लगाए गए। उपस्थित अतिथियों में स्थानीय निवासियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता और स्कूली छात्र भी शामिल हुए। संघ के अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ पर्यावरण मानव अधिकारों का मूल आधार हैं। इस प्रकार के आयोजन समाज को जागरूक बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास हैं। हम सभी को साल में कम एक दिन समाज के नाम देना अवश्य चाहिए।


सोनीपत। पौधारोपण करते संघ के पदाधिकारी एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। पौधरोपण करते फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### अभियान चलाकर रोपित किए पंद्रह पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा गांव बैयांपुर में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर महंत विजय नाथ व महंत देवी नाथ ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बारिश के मौसम में सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और जब तक वह पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करनी चाहिये। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, प्रधान बबला मलिक, रविंद्र हुड्डा, बादल खाण्डा, हैप्पी सरोहा, आर्यन सरोहा, भास्कर सरोहा, मनोज लाकड़ा, देवेंद्र, भोलू सरोहा, नरेश सरोहा उपस्थित रहे।

### हर घर में पेड़ लगाने का अभियान प्रारंभ

**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक मानवीय कर्तव्य है। आज जिस तरह से दुनिया भर में औद्योगीकरण और विकास के नाम पर्यावरण का नुकसान किया जा रहा है उससे लगता है कि हमारी भावी पीढ़ी घुट-घुट कर जीने पर मजबूर होगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग द्वारा जुलाई माह में हर घर हरियाली अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें समाज के सभी वर्गों से अपील की जाएगी कि प्रत्येक घर में एक-एक पेड़ अवश्य लगाकर उसकी देखभाल की जाए। कार्यक्रम की शुरुआत सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के कार्यालय के पार्क में पौधारोपण करके की गई। जिलाध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, उपाध्यक्ष महेश, नरेन्द्र राणा, सांसद कार्यालय सहायक रवि आदि उपस्थित रहे।


सोनीपत। पौधरोपण करते कांग्रेसी पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में भ्रष्टाचार: गौतम

**सोनीपत।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सोमवार को अन्याय के विरुद्ध – न्याय युद्ध मंच ने प्रेसवार्ता कर नागरिक अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया। मंच के संयोजक देवेंद्र गौतम ने कहा कि 16 जून को नागरिक अस्पताल परिसर में सांकेतिक धरना देकर प्रशासन के सामने 11 मांगें रखी गई थीं, लेकिन 16 दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार अब भी न्याय की राह देख रहा है। गौतम ने कहा कि मासूम बच्ची की मौत के मामले में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर हो चुकी है, लेकिन दोषियों को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व उप-अधीक्षक जसबीर दलाल ने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाकर करीब 4 लाख रुपये की सरकारी राशि का गबन किया। जांच समिति ने आरोपों की पुष्टि की है, एफआईआर भी दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद दलाल को फिर से नागरिक अस्पताल में डिपुटेशन पर बुला लिया गया।


सोनीपत। पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद देवेंद्र गौतम एवं अन्य।


दादाभाई नौरोजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते नागरिक।

### दादाभाई नारौजी को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** रोहतक रोड सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में दादाभाई नौरोजी की 108वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने दादाभाई नारौजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि दादा भाई नौरोजी को भारतीय राजनीति का पितामह कहा जाता है। वह दिग्गज राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद् और विचारक थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक थे जिन्होंने भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन का नेतृत्व किया। समारोह में सतवीर पौडिया, मास्टर हवा सिंह, राहुल शर्मा, मास्टर जगदीश, अश्विनी, कृष्ण चंद्र, सत्यनारायण, ओम प्रकाश, बलबीर फौजी व यश शर्मा उपस्थित रहे।

### अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**खरखौदा।** अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने की कड़ी में सोमवार को आईएमटी खरखौदा के साथ लगती पहलादपुर गांव की 60 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों में 15 एकड़ में फैले 1600 मीटर कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने जनसाधारण का आह्वान किया है कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व सीईओ एसएमडीए से अनुमति लेना अनिवार्य है।


खरखौदा। अवैध कच्चे रास्तों को ध्वस्त करते जेसीबी।


डिजिटल आंगनवाड़ी की स्थापना के मौके पर मौजूद क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य।

### डिजिटल आंगनबाड़ी की स्थापना

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत अर्डेंट ने फाजिलपुर आंगनवाड़ी में एक डिजिटल आंगनवाड़ी की स्थापना की। इस पहल के तहत बच्चों को डिजिटल लर्निंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे वे आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकेंगे और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने कहा, यह डिजिटल आंगनवाड़ी फाजिलपुर क्षेत्र के बच्चों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, बल्कि वे प्रारंभिक अवस्था से ही तकनीकी शिक्षा के संपर्क में आ सकेंगे। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष अशु नागपाल, सतीश चोपड़ा, विनीत पटपाटिया, निशित ऐच, संजय अंटिल, पुनीत जग्गा, एवं नंदा ऐच भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य सदस्यों ने आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ समय बिताया और डिजिटल सुविधाओं को देख कर संतोष व्यक्त किया।

## अमृत 2.0 योजना के तहत दो वाटर वर्क्स और बूस्टिंग स्टेशन बनेंगे

# गन्नौर शहर को मिलेगी बेहतर पेयजल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

### एजेंसी को टेंडर हो चुका अलाट, 24 करोड़ रुपये होंगे खर्च

गन्नौर शहर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ और विस्तृत करने के उद्देश्य से अमृत-2.0 योजना के तहत बड़े स्तर पर जल आपूर्ति परियोजनाओं पर कार्य शुरू किया गया है। योजना पर 24 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत 3 एमएलडी क्षमता के दो नए वाटर वर्क्स बनाए जाएंगे, जिनमें नहरी पानी को एकत्रित कर शुद्धिकरण के बाद लोगों को आपूर्ति की जाएगी। पहला वाटर वर्क्स गन्नौर रोड स्थित पुराने वाटर वर्क्स परिसर में बनेगा, जिसमें तीन नए एसएस टैंक तैयार किए जाएंगे। वहीं दूसरा वाटर वर्क्स अगवानपुर रोड पर बनेगा, जहां दो टैंक बनाए जाएंगे। इन टैंकों में नहरी व साफ पानी के लिए अलग-अलग सक्शन कुएं, साफ पानी के टैंक, पंप चैंबर, और बाउंड्री वाल शामिल है। इसके अतिरिक्त योजना में विद्युत ट्रांसफार्मर, पंपिंग मशीनरी की स्थापना के साथ-साथ मुख्य पाइपलाइनों का विस्तार भी किया जाएगा, जिससे पानी की आपूर्ति अधिक प्रभावी और सुचारु रूप से हो सकेगी। इस ही योजना के तहत दो और नए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। अभी शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए चार बूस्टिंग स्टेशन है। दो नए बूस्टर लगने के बाद इनकी संख्या बढ़ जाएगी। नए बूस्टिंग स्टेशन सचिवालय परिसर व बड़ी रोड़ पर नगरपालिका की जमीन में बनेंगे। बड़ी रोड पर बूस्टिंग स्टेशन बनाने के लिए नपा से जनस्वास्थ्य विभाग को जमीन मिल गई है। जिस पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यहां से पानी सप्लाई के लिए नई पेयजल आपूर्ति लाईन भी बिछाई जाएगी। इनके बनने के बाद जी टी रोड की तरफ कालोनियों, बड़ी रोड, गन्नौर गांव में पेयजल आपूर्ति बनेगी।

### जल्द होगा काम शुरू : जेई

इस संबंध में जेई बसंत कुमार ने बताया कि शहर के लोगों की कुछ क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई का दबाव कम रहने की शिकायतें मिलती थी। ऐसे में अमृत-2 योजना के तहत दो नए वाटर वर्क्स व दो नए बूस्टिंग स्टेशन तैयार किए जाएंगे। इसके लिए निर्माण ऐजंसी को टेंडर भी अलाट हो गया है। इस योजना पर 24 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल्द ही एजेंसी काम शुरू करेगी।

### एजेंसी की रहेगी जिम्मदारी

वाटर वर्क्स व बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण पूरा होने के बाद 3 महीने का ट्रायल रन लिया जाएगा। तीन महीने का समय पूरा होने के बाद के बाद पांच साल तक एजेंसी द्वारा ही वाटर वर्क्स व बूस्टिंग स्टेशन का संचालन किया जाएगा। एजेंसी को सितंबर 2026 तक काम पूरा करने के डेडलाइन दी गई है।


विदाई समारोह में सूरत सिंह को सम्मानित करते अधिकारी और कर्मचारी।

### लाइसेंस क्लर्क सूरत सिंह सेवानिवृत्त

**गोहाना।** एसडीएम कार्यालय गोहाना में लाइसेंस क्लर्क के पद पर कार्यरत जिला सोनीपत के गांव पलड़ा निवासी सूरत सिंह सोमवार को 26 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनको पगड़ी बांधकर सम्मानित कर विदा किया। सूरत सिंह 12 मार्च 1999 को जिला फतेहाबाद में सेवादार के पद पर नियुक्त हुए थे। 12 दिसंबर 2017 को वह लिपिक के पद पर पदोन्नत हो गए और सोनीपत में शिकायत शाखा, एसडीएम कार्यालय गन्नौर, उप तहसील खानपुर कलां, उपायुक्त कार्यालय और न्यायालय सोनीपत और उप तहसील राई में सेवाएं दी। सूरत सिंह ने सोनीपत और उप तहसील राई में आरसी के पद पर भी अपनी सेवाएं दी। फिलहाल वह एसडीएम कार्यालय गोहाना में लाइसेंस क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। विदाई समारोह में नायब तहसीलदार अशोक कुमार, कार्यालय अधीक्षक आत्मप्रकाश, कानूनगो अजय कुमार, कानूनगो राजेंद्र, टीआरए सुमन, वेतन लिपिक भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अशोक सेन जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त



**गोहाना।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री गांव रिंढाणा निवासी अशोक सेन को लोक सम्पर्क एवं जिला ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष , कैबिनेट मंत्री, भाजपा गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और कथूरा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया। अशोक सेन ने कहा कि उनको मिली इस जिम्मेवारी का वह ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाएंगे।

### सेक्टर-15 में कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आज

**सोनीपत।** हुड्डा-एचएसवीपी में कार्यरत कर्मचारी मंगलवार, 1 जुलाई को सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और एचएसबीपी वर्कर यूनियन के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

धरने का आह्वान आर.के. नागर, प्रदेश महासचिव – हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शन कर्मचारियों की लंबित मांगों, सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों, स्थायीकरण और विभागीय अनियमितताओं के खिलाफ किया जा रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारी सरकार और प्रशासन से मांग करेंगे कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### निर्माणाधीन फैक्ट्री से 10 टन सरिया चोरी

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-3 स्थित मेगा फूड पार्क की निर्माणाधीन 24 नंबर फैक्ट्री से अज्ञात चोरों ने करीब 10 टन सरिया चोरी कर लिया। फैक्ट्री मालिक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में मोहित मदान निवासी पितमपुरा, दिल्ली ने बताया कि 28 जून की रात कुछ अज्ञात व्यक्ति कैंटर गाड़ी में सरिया लादकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई है। मोहित ने बताया कि उसी रात पास की फैक्ट्री नंबर-38 से भी करीब 1.2 टन सरिया चोरी हुआ।


# 40 में मिलता है 1 रुपये वाला फार्म, ये है सोनीपत का डाकघर

## सरकारी स्कूल के शिक्षक ने खोली पोल, पोस्टमास्टर को दी शिकायत

**डाकघर का कर्मचारी यह फार्म लेने के लिए लोगों को भेजता था बाहर, जहां 40 रुपये किए जाते थे वसूल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





जहां एक ओर सरकार डिजिटल इंडिया और पारदर्शिता जैसे नारों के साथ सरकारी सेवाओं को जनता तक पहुंचाने के प्रयास कर रही हैं, वहीं ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सोनीपत के मुख्य डाकघर में भ्रष्टाचार की एक ऐसी कहानी सामने आई है जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस पूरे मामले का खुलासा एक सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक दीपक कुमार ने किया है, जिन्होंने न केवल इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाई है, बल्कि डाकघर के पोस्टमास्टर को लिखित शिकायत भी सौंपी है। शिकायत के अनुसार, डाकघर में आधार कार्ड अपडेट कराने आए लोगों से अनावश्यक रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। सरकारी प्रक्रिया में एक रुपये का फॉर्म आवश्यक होता है, जिसे डाकघर मुफ्त में या नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध कराना चाहिए। लेकिन डाकघर का एक कर्मचारी, यह फॉर्म लोगों को स्वयं देने की बजाय उन्हें बाहर भेजता है, जहां यह फॉर्म 40 रुपये में बेचा जाता है। इस प्रक्रिया को देखकर एक आम व्यक्ति को यह मामूली सी बात लग सकती है, लेकिन जब सरकारी संस्थान से जुड़ा कोई व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का इस प्रकार दुरुपयोग करे, तो यह सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का मामला बन जाता है।

**जनता को चक्कर कटवाना आम बात:** शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि डाकघर में आए दिन आम लोगों को बिना कारण चक्कर कटवाए जाते हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से भी परेशान किया जाता है।

सरकारी फॉर्म तक के लिए लोगों को परेशान किया जाता है, और खुलेआम उनकी जेब काटी जाती है। दीपक कुमार ने पोस्टमास्टर से यह स्पष्ट मांग की है कि दोषी कर्मचारी जस्पाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा है कि यदि इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो डाकघर भ्रष्टाचार का नया अड्डा बनकर रह जाएगा, जहां आम जनता को न तो सेवा मिलेगी और न ही न्याय।

**सेवा का नहीं एहसान का भाव**


दीपक कुमार का कहना है कि वे एक जिम्मेदार नागरिक और शिक्षक होने के नाते अक्सर डाकघर में सरकारी कार्यों के लिए जाते हैं। लेकिन वहां मौजूद कर्मचारी का रवैया बेहद अपमानजनक और असहयोगी होता है। वे उपभोक्ताओं के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे सरकारी सेवाएं देना उनका फर्ज नहीं, बल्कि किसी पर एहसान करना हो।



राई। कष्ट निवारण समिति सदस्य शेखर आंतिल पीएचसी इंचार्ज डा. अमन से बात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### खेवड़ा गांव में पीएचसी का कष्ट निवारण समिति सदस्य ने दौरा कर जायजा लिया

**राई।** खेवड़ा गांव में पीएचसी का कष्ट निवारण समिति सदस्य शेखर आंतिल ने दौरा कर जायजा लिया। डा. सुनील, डा. वजीर, डा. कुलदीप ने शौचालय की बेहतर सुविधा न होने के बारें चिकित्सकों ने करवाया अवगत। जिस पर मंडलध्यक्ष एंव समिति सदस्य ने चिकित्सकों को अवगत करवाया कि जल्दी ही विधायक कृष्णा गहलावत पीएचसी के नए भवन की आधारशिला रखेगी और नया भवन बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद परेशानी नही उठानी पड़ेगी। समिति सदस्य शेखर ने इन्चार्ज अमन नागर से पीएचसी में दवाईयां होने को लेकर बातचीत की। चिकित्सकों ने अवगत करवाया कि केन्द्र में पूरी दवाइयां है। उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जिस पर समिति सदस्य ने सहमति जताते हुए कहा कि अगर कोई समस्या आती है तो उन्हें अवगत करवाएं, अधिकारियों व विधायक से मिलकर समाधान करवाएंगे। इस मौके पर उनके साथ अश्वनी दहिया थे।



राई। भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल का स्वागत करते मंदिर समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मंदिर सिर्फ पूजा अर्चना का केंद्र ही नहीं हमारी पहचान और स्वाभिमानः आंतिल

**राई।** गांव बहालगढ़ में खेवड़ा रोड पर रेनू विद्या मंदिर स्कूल के सामने जर्जर प्राचीन मंदिर का नया रूप देने के लिए जीर्णोद्धार कार्य का सोमवार को शुभारम्भ किया। इस मौके पर हवन यज्ञ करके शुरूआत की। हवन यज्ञ में समाजसेवी बिजेंद्र सिंगला, श्रीपाल सिंगला, भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, श्री भगवान जोगी, राजेश सरपंच बहालगढ़, विकास कौशिक मंडल अध्यक्ष मुरथल आदि ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। भाजपा नेता सतनारायण आंतिल ने प्राचीन मदिंर के जीर्णोद्धार का काम शुरू किए जाने पर सिंगला परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे आसपास के लोगों की धार्मिक आस्था बढ़ेगी। वहीं हवन यज्ञ करने के आसपास का वातावरण शुद्ध होता है। मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि हमारे मंदिर मात्र पूजा अर्चना का केंद्र नहीं अपितु हमारी पहचान, हमारा स्वाभिमान होते हैं, वे हमारी अस्मिता का प्रतीक हैं. मंदिरों में हमारे इष्ट देवताओं की मूर्तियां स्थापित होती हैं। सिंगला परिवार व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा किए कार्य की आंतिल ने सराहना की।

### स्पोर्टस यूनिवर्सिटी में 15 जुलाई तक होंगे दाखिले के लिए आवेदन : अशोक कुमार



**राई।** स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अब तक 500 सीटों के लिए 600 आवेदन प्राप्त हुए है। दाखिले 15 जुलाई तक होंगे। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अब तक कुल 500 सीटों के लिए 600 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। कुलपति अशोक कुमार ने बताया कि चार वर्षीय बीएससी (खेल विज्ञान) तथा बीपीईएस में कक्षा 12वीं के पश्चात प्रवेश लिया जा सकता है। विवि द्वारा एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग भी संचालित किया जा रहा है। खेल विश्वविद्यालय, राई द्वारा संचालित स्पोर्ट्स कोचिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा को नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर, अथवा भारत के किसी भी यूजीसी मान्यता प्राप्त खेल विवि के समकक्ष माना जाएगा।

# एटलस रोड स्थित मेगा मार्ट में छापेमारी, चने में मिले कीड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को एटलस रोड स्थित मेगा मार्ट में छापेमारी की। टीम ने विशाल मेगा मार्ट के स्टोर में छापेमारी करते हुए सैंपल एकत्रित किए। सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। टीम की तरफ से छापेमारी के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने व खाद्य सामग्री में कीड़े पाए गए हैं। स्टोर प्रबंधन ने सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने की बात कही।

### छह सैंपल लिए

स्टोर में छापेमारी करने पहुंची टीम ने सामान की जांच की। टीम ने पाया कि स्टोर में रखे काले चने में कीड़े चल रहे थे। खाद्य सुरक्षा टीम ने तुरंत काले चने का सैंपल लिया। टीम ने घी, काला चना, मूंग दाल छिलका, फोर्टिफाइड सरसों तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल और राइस ब्रांड आयल सहित कुल छह सैंपल लिए। सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि अगर कोई सैंपल मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मार्ट प्रबंधन को सफाई व्यवस्था में सुधार करने और खाद्य वस्तुओं के रखरखाव में सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए हैं।

**सिर्फ दो-तीन किलो ही बचा था**

असिस्टेंट मैनेजर अनिल ने कहा कि केवल काले चने में ही समस्या पाई गई थी, जो कि करीब दो-तीन किलो ही बचा हुआ था और कल से तले में पड़ा हुआ था। उपभोक्ताओं की ओर से किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली थी और अन्य सभी वस्तुएं ठीक पाई गईं। टीम के आते ही सफाई करवा दी गई है। भविष्य में ऐसी कोताही नहीं बरती जायेगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



गोहाना। अधिकारियों को निर्देश देते हुए नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी। फोटो : हरिभूमि

### नप चेयरपर्सन ने सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया, सफाई के निर्देश दिए

**गोहाना।** स्वच्छता अभियान के तहत सोमवार को नगर परिषद (नप) चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने सार्वजनिक ई-शौचालयों और शौचालयों का निरीक्षण करके उनमें साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा। नप चेयरपर्सन ने निरीक्षण के दौरान शौचालयों में साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता और कार्यशीलता का जायजा लिया। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने जिन शौचालयों में सुधार की आवश्यकता थी वहां तत्काल आवश्यक निर्देश दिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता गोहाना की विशेष पहचान होनी चाहिए। शहर को साफ-सुथरा रखने में जनसामान्य का विशेष सहयोग की अपेक्षा होती है। इस अवसर पर उनके साथ सफाई निरीक्षण दुर्गा देवी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




### खुदाई कर निर्माण शुरू करना भूला विभाग, राहगीर परेशान



गन्नौर। राजलूगढ़ी रोड की तरफ अधूरी खोदाई कर छोड़ा गया अंडरपास का रास्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अगवानपुर फाटक पर राजलूगढ़ी रोड के पास अंडरपास के रास्ते निर्माण के लिए की गई खोदाई के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब दो माह से यह कार्य ठप पड़ा है और निर्माण शुरू न होने के कारण रास्ता पूरी तरह से बंद पड़ा है। खोदाई के बाद न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही कोई वैकल्पिक मार्ग की उचित व्यवस्था की गई है। इस स्थिति में दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को लंबा वैकल्पिक रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन अंडरपास में जगह-जगह मिट्टी धंस चुकी है और हादसे का खतरा हर समय बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। बार-बार मांग करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द शुरू न हुआ तो वे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देने को मजबूर होंगे। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन इस ओर तुरंत ध्यान दे और ठेकेदार को सख्त निर्देश दे ताकि अधूरा कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके।

- **दुपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को लंबे वैकल्पिक रास्ते से गुजरना पड़ रहा है**

### लिखित में भी की गई थी मांग

अंडरपास का रास्ता राजलू गढ़ी गांव की तरफ भी जल्द से जल्द बनवाने के लिए रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य त्रिलोकचंद उत्तर रेलवे के उपमुख्य अभियंता (निर्माण) से मिले। उन्होंने बताया कि उप मुख्य अभियंता शिवाली ब्रिज ने उत्तर रेलवे के पानीपत कार्यालय निर्माण विभाग को मौका निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट उन्हें सौंपने के आदेश दिए थे, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह इस संबंध में दोबारा शिकायत देंगे।

